# बिहार सरकार
## समाज कल्याण विभाग
### -:: सूचना ::-

समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना एवं विभाग अंतर्गत निदेशालयों में संविदा के आधार पर बिहार सचिवालय सेवा के प्रशाखा पदाधिकारी के 05 (पाँच) रिक्त पदों एवं सहायक के 27 (सताईस) रिक्त पदों पर नियोजन हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

2. संविदा पर यह नियोजन सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प संख्या-10000 दिनांक-10.07.2015 निहित अनुदेशों के अनुपालन एवं उसमें वर्णित शर्तों के आलोक में विहित प्रक्रिया अपनाकर की जायेगी। नियोजन में राज्य सरकार के आरक्षण नियमों का पालन किया जायेगा।

3. संविदा नियोजन उसी पद के विरूद्ध किया जायेगा, जिस पद से संबंधित कर्मी सेवानिवृत्त हुये हैं।

4. आवेदन के विरूद्ध कोई आपराधिक अथवा अनुशासनिक कार्रवाई लंबित नहीं हो तथा किसी अनुशासनिक/ आपराधिक मामलें में सेवाकाल के अंतिम 10 वर्षों में कोई वृहद दंड नहीं दिया गया हो तथा अंतिम 05 वर्ष में कोई दंड नहीं दिया गया हो। इससे संबंधित शपथ-पत्र भी संलग्न करना आवश्यक होगा।

5. आवेदन के साथ असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा।

6. नियोजित किये जानेवाले संविदा कर्मी का मानदेय सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के संकल्प संख्या-10000 दिनांक-10.07.2015 के आलोक में देय होगा।

7. आवेदन पत्र दिनांक-04.09.2023 तक विभाग में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। किसी भी आवेदन-पत्र को स्वीकृत/ अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम नियोजन प्राधिकार को होगा। आवेदक का नियोजन के संबंध में कोई दावा मान्य नहीं होगा।

**अभ्यावेदन भेजने हेतु पत्राचार का पता-**
**उप सचिव-सह-स्थापना प्रभारी, समाज कल्याण विभाग,**
**पुराना सचिवालय, बिहार, पटना-800015**

17/08/2023

(कुमारी सीमा)
सरकार के उप सचिव

17/8/23

# संविदा नियोजन हेतु आवेदन प्रपत्र

| आवेदक का अद्यतन स्व अभिप्रमाणित रंगीन पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ |
|---|

1. आवेदित पद का नाम :-
2. आवेदक का नाम :-
3. आवेदक के पिता/पति का नाम :-
4. स्थायी पता :-
5. पत्राचार का पता :-
6. आवेदक की जन्म तिथि एवं सेवानिवृत्ति की तिथि :-
7. शैक्षणिक योग्यता :-
8. आरक्षण कोटि :-
9. विभाग/कार्यालय का नाम, जहाँ से सेवानिवृत्त हुए हैं :-
10. सेवानिवृत्ति के समय पदनाम :-
11. आवेदक का अंतिम मूल वेतन एवं महंगाई भत्ता की राशि :-
12. सेवानिवृत्ति के समय पेंशन एवं महंगाई भत्ता की राशि :-
    (पी0पी0ओ0 की छायाप्रति संलग्न करें)
13. मोबाईल संख्या :-
14. ई-मेल आई0डी0

आवेदक का हस्ताक्षर